प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

29.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा है कि दुनियाभर में पैट्रोल और डीजल का संकट बढ़ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने उम्मीद जताई कि कोरोना काल की तरह इस मौजूदा संकट से भी भारत उबर जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व समुदाय के साथ भारत के संबंधों और तमाम देशों से मिल रहे सहयोग के अलावा भारत के बढ़ रहे सामर्थ्य से देश इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष को भी इस मुद्दे पर राजनीति न करने की सलाह दी है। राष्ट्र निर्माण में माई भारत संगठन की भूमिका की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम देश के युवाओं को सकारात्मक कार्यों से जोड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से फिटनेस पर भी ध्यान देने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में योग के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास की प्रेरणादायक कहानियां भी साझा करते रहने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि इन संदेशों के कारण भी दूरदराज के लोग मन की बात कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुनते हैं

अनुराग शर्मा

नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से आम जनता तक पहुंचाने पर बल दिया है। कुल्लू में आज विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को जनहित के अनुरूप और अधिक प्रभावी बनाने के लिए हर सम्भव सहयोग दिया जाएगा।

टीकाकरण

प्रदेश के विभिन्न जिलों में हयूमन पेपीलोमा वायरस टीकाकरण अभियान आज से शुरू हो गया है। इस विशेष टीकाकरण अभियान का उद्देश्य 14 से 15 वर्ष के आयुवर्ग की किशोरियों को सर्विकल कैंसर जैसी गम्भीर बीमारियों से सुरक्षित करना है। बिलासपुर में उपायुक्त राहुल कुमार ने अभियान के शुभारम्भ पर कहा कि समय पर टीकाकरण करवाना इस बीमारी की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है। हमीरपुर में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से इस टीकाकरण अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के तहत 5 और 12 अप्रैल को भी टीकाकरण किया जाएगा ताकि सभी पात्र किशोरियों को इसका लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

मौसम

प्रदेश के निचले इलाकों में वर्षा व ऊंची चोटियों पर हिमपात का क्रम रूक–रूककर जारी है। लाहौल स्पिति जिले में भी मौसम के बदले मिजाज और ताजा बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन के अनुसार बर्फबारी से 19 सड़कों पर आवाजाही प्रभावित हुई है। किन्नौर, कुल्लू और चम्बा जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में भी हिमपात व अन्य क्षेत्रों में हल्की वर्षा हो रही है। मौसम के इस मिजाज से तापमान में एक बार फिर गिरावट दर्ज की गई है। प्रशासन ने मौसम के बदलाव को देखते हुए ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा न करने और एहतियात बरतने की अपील की है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर वर्षा व हिमपात की सम्भावना जताई है।

कांग्रेस

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने करीब डेढ़ साल बाद प्रदेश में कांग्रेस की कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। कार्यकारिणी में 27 महासचिव और 12 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। कार्यकारिणी में इस बार कई नए चेहरों को स्थान दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के. सी. वेणुगोपाल की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। इसके अलावा राजनीतिक मामलों की समिति का गठन किया गया है, जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित 26 सदस्य शामिल हैं।